श्री विकास वर्मा, भा.रे.यां.अ.से.

मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री विकास वर्मा ने मुंबई पत्तन प्राधिकरण में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। वे भारतीय रेलवे यांत्रिक अभियांत्रिकी सेवा (आई.आर.एस.एम.ई) के 2010 के बैच के अधिकारी हैं और वे तकनीकी विशेषज्ञता, प्रशासनिक अनुभव और नेतृत्व कौशल का समृद्ध अनुभव रखते हैं।

श्री विकास वर्मा शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने जापान के होक्काइडो विश्वविद्यालय से अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है और अभियांत्रिकी स्नातक पाठ्यक्रम में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद से एडवांस्ड लीडरशिप प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूर्ण किया है, जो उनकी नेतृत्व क्षमता को और सुदृढ़ करता है।

श्री वर्मा ने रेलवे प्रचालन में प्रौद्योगिकी के एकीकरण और मानकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे रेलवे में आधुनिकीकरण की पहल और प्रचालन दक्षता को उल्लेखनीय योगदान मिला है । इनके कार्यकाल में नवाचार, प्रणाली सुधार और पारदर्शी शासन पर विशेष बल दिया गया।

रेलवे के क्षेत्र में अपने अनुभव के अतिरिक्त, श्री वर्मा ने भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्यकारी निदेशक/एफडडीआई की भूमिका भी निभाई है । इस भूमिका में, उन्होंने चमडे और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कौशल विकास, संस्थागत मजबूती और क्षेत्रीय विकास में योगदान दिया।